Seat No. : ______________

MF-118-H

March-2019

B.A., Sem.-I (Repeater)

(EC-I) 102 : Psychology

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

सूचना : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. (A) हमारे समाज के कोई भी चार सामान्य संघर्ष को समझाइए । **14**

अथवा

हमारे समाज के सामान्य दवाबों का वर्णन कीजिए ।

(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(i) हताशा के दो _____ हो सकते हैं – आंतरिक तथा बाह्य (वर्ग, कारण)

(ii) ध्येय प्राप्ति के मार्ग में आने वाले _____ के कारण हताशा उत्पन्न होती है । (अवरोध, अवलोकन)

(iii) स्वजन की मृत्यु एक प्रकार की _____ है । (निष्फलता, खोट)

(iv) विकल्पों के स्वरूप के आधार पर संघर्ष का ____ प्रकार विभेद किया जा सकता है । (पाँच, तीन)

(v) ____ रूपी विकल्प से व्यक्ति दूर चले जाना पसंद करता है । (बदला, शिक्षा)

(vi) _____ संघर्ष में व्यक्ति के सामने दो अनाकर्षक विकल्प होते हैं । (उपागमन–परिहरण, परिहरण–परिहरण)

2. (A) मनोभार की उत्कटता पर असर करने वाले परिबलों के रूप में व्यक्ति की खासियत की चर्चा कीजिए । **14**

अथवा

"मनोभार के साथ अनुकूलन कीमत मांगता है ।" – यह कथन समझाइए ।

(B) निम्न कथन सही हैं या गलत ? लिखिए : (कोई **चार**) **4**

(i) बालक के मनोभार का प्रकार वयस्क वय के व्यक्ति से भिन्न होता है ।

(ii) एक व्यक्ति के मनोभार का प्रकार विभिन्न समयों में एकसमान ही रहता है ।

(iii) मनोभार का प्रकार कभी अज्ञात नहीं होता ।

(iv) अत्याधिक तीव्र मनोभार के दरम्यान असंतुलन बढ़ता है ।

(v) परिचित की तुलना में अपरिचित परिस्थिति में व्यक्ति अधिक तीव्र मनोभार अनुभव करता है ।

(vi) जो परिस्थिति हानि पहुँचा सके उसे धमकी कहते हैं ।

3. (A) विवाह करने के कारणों की चर्चा कीजिए तथा कितने ही लोग किस कारण विवाह नहीं करते, समझाइए । **14**

अथवा

जीवनसाथी के चयन को असर करने वाले परिबलों की चर्चा कीजिए ।

(B) निम्न कथन सही हैं या गलत ? लिखिए : (कोई **तीन**) **3**

(i) स्त्री–पुरुष की जातिगत भूमिकाओं के बीच अंतर बढ़ रहा है ।

(ii) आज समाज में यौन व्यवहार के प्रति अधिक छूट–छाट की प्रवृत्ति देखने में आती है ।

(iii) प्रणय बंधन काल में मनोवैज्ञानिक तथा यौन आवश्यकताओं के संतोष के अवसर उपस्थित होते हैं ।

(iv) विवाह पूर्व संबंधों में भी समायोजन की गंभीर समस्याएँ खड़ी हो सकती है ।

(v) रोमानी प्रेम में स्नेह तथा शारीरिक आकर्षण दोनों के तत्त्वों का समावेश होता है ।

4. (A) वैवाहिक जीवन के अच्छे अनुकूलन के लिए यौन अनुकूलन की भूमिका स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

भूमिका निर्वाह तथा अन्योन्य समायोजन वैवाहिक जीवन में अनुकूलन को किस तरह असर करते हैं ? समझाइए ।

(B) निम्न कथन सही हैं या गलत ? लिखिए : (कोई **तीन**) **3**

(i) सहभागी विवाह में पति और पत्नी एक दूसरे की कार्यसिद्धियों को महत्त्व देते हैं ।

(ii) आनंद प्रधान विवाह में बालक का आगमन अत्यंत महत्त्व रखता है ।

(iii) 'गृहस्थकेन्द्रित विवाह' एक 'गत्यात्मक मैत्रीपूर्ण विवाह' का दूसरा नाम है ।

(iv) निम्न वर्ग के विवाहों की तुलना में मध्य वर्ग में विवाह अधिक सुखमय होता है ।

(v) वैवाहिक जीवन में समायोजन पर पति–पत्नी के व्यक्तित्व के घटकों की असर हो सकती है ।